Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding setting up of a solar plant in Kannauj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री सुब्रत पाठक (कन्नौज): मेरी लोकसभा कन्नौज (उत्तर प्रदेश) में आज भी हजारों एकड़ बंजर भूमि है। हम सभी जानते हैं कि बंजर भूमि का देशहित में कोई उपयोग प्रायः नहीं होता है, पर खाली पड़ी इस जमीन पर यदि हमारी सरकार सोलर प्लांट का निर्माण एवं स्थापना करवा सके या किसी निजी क्षेत्र की कंपनी को सोलर प्लांट लगाने के लिए अधिकृत कर दे तो इस जमीन का ग्रीन एनर्जी के लिए शानदार सदुपयोग हो सकता है। मसलन एक बड़े क्षेत्र को बिजली आपूर्ति की जा सकती है ।

आपके संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि जिस क्षेत्र में इस प्लांट की स्थापना की बात कर रहा हूँ, उस क्षेत्र में बिजली का संकट भी अधिक है, कम वोल्टेज और सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति नही हो पाती है । जिससे क्षेत्र की जनता व्यथित है । उक्त प्लांट लगने से एक लाभ यह भी है कि क्षेत्र के लोगों को रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा । जिससे क्षेत्र की बेरोजगारी की समस्या भी हल हो जाएगी । मैं अपने लोकसभा क्षेत्र में उपलब्ध बंजर भूमि की विस्तृत जानकारी पटल पर साझा कर रहा हूँ । अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस भूमि के सदुपयोग हेतु इस कार्य को जल्द स्वीकृति प्रदान करे ।